सार-समाचार

दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

रतनगढ़ (निसं)। भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के आगे पुष्पांजलि करके उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बजरंग गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन को सर्वोपरि मानते हुए जीवनभर संघर्षों का सामना करते हुए कार्य किया। एकात्म मानववाद के के विचार को हम कार्यकर्ताओं को देने वाले उपाध्याय हम सब के प्रेरणाश्रौत है। रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आगे बढ़ते हुए आज भाजपा पूरे देश भर में वटवृक्ष के रूप में विकसित हुआ है। फ्रांसा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ता उनके पद चिन्हों पर चलते हुए पार्टी कार्य कर रहा है। ऐसे व्यक्तित्व से सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को सकारात्मक उर्जा मिलती है। भाजपा मण्डल संयोजक महेश सैनी ने कहा कि उपाध्याय ने जो पेड़ लगाया था आज वो भाजपा के रूप में वटवृक्ष का रूप ले चूका है उनके व्यक्तित्व एवम कृतित्व से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता स्वरूप सिंह सेहला, हिम्मत सिंह मालासी, किसन सैनी, गिरधारी प्रजापत, साबू सिंह, सुरेंद्र सिंह, सेहला, निरंजन रुन्थला,नन्दलाल सुरोलिया, ओम महर्षि, सुरेंद्र महर्षि सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

रतनगढ़ (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रवादी मंच की ओर से उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर रविवार को जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड एवं जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों को एवं उनके साथ आए हुए परिजनों को फल वितरण किया गया। मंच संयोजक अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया। इस अवसर पर मंच संयोजक अरविंद इंदौरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परम श्रद्धेय उपाध्याय के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और अंत्योदय के भाव से समाज के अंतिम छोर तक बैठे हुए लोगों की भी सेवा करते हुए राष्ट्र व समाज के लिए अपना जीवन सार्थक दिशा में लगाना चाहिए इस अवसर पर मंच सह संयोजक शंकरलाल कम्मा, पार्षद नन्द किशोर भार्गव, युवा नेता भरत सैनी,मनोज हारित, हनुमान बारवाल, श्यामसुंदर माटोलिया, ओमप्रकाश सैनी, नारायण दायमा, एडवोकेट निर्मल भुडाढरा, ओमप्रकाश सीमार, प्रकाश चंद्र पारीक, अश्वनी सैनी, पूर्णमल दादरवाल, हनुमान प्रसाद घोड़ेला, संजय सारस्वत, पंकज महर्षि, पार्षद रामकिशन माटोलिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

बीदासर (निसं)। कस्बे के उतरादा बास स्थित बाबा भोलानथ की बगीची में चल रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कथावाचक संत मदनदास ने श्रीकृष्ण का दिव्य चरित्र सुनाते हुये कहा कि वासुदेवजी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपने सिर पर धारण करते ही उनकी बेड़िया और हथकड़िया टुट गई और कारागार के दरवाजे अपने आप खुल गये। इसी प्रकार जीव जब भगवान को अपने सिर पर धारण करते ही तो उसके समस्त सांसरिक बंधन अपने आप छुट जाते है। और कल्याण के द्वार अपने आप खुल जाते है। आत्म कल्याण की कामना रखने वाले मनुष्य सदैव भगवान को शिरोधार्य करना चाहिये। कृष्ण जन्म पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ कथा स्थल झुम उठा। श्रद्धालुओ ने भंजनो की धुन पर ठिरकते हुये कृष्ण जन्म का जमकर आनंद लिया। कथा के शुभारम्भ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना बगीची के संत परमेश्वरी बाई, संत राधेश्याम प्रजापत, बलदेव सिंह सांखला, वैद्य गोपाल छापौला, ताराचंद भौभरिया, देवेन्द्र सिंह पंवार, शंकरलाल प्रजापत, गोपाल सिंह पंवार, सांवरमल शर्मा, भागीरथ सुथार सहित अनेक श्रद्धालुओ ने की।

गायत्री यज्ञ का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। गायत्री आश्रम, राजगढ में रविवारीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रियंका पत्नी बजरंग लाल लाखलाण, मोरका, सिवानी निवासी का पुसंवन संस्कार प्रेम कुमार जांगिड और जय सिंह कस्वा द्वारा गायत्री यज्ञ करवाकर करवाया गया। कैलाश मोदी ने बताया कि पुसंवन संस्कार गर्भिणी स्त्री का बच्चा संस्कारित और हष्ट-पुष्ट हो, गर्भिणी स्त्री को प्रसव में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा स्वास्थ्य ठीक रहें इसलिये करवाया जाता है। गर्भिणी स्त्री को बड, गिलोय और पीपल की दवा बनाकर सुघवाया जाता है और उससे यज्ञ में खीर से विशेष आहुतियां दिलाकर खीर का सेवन करवाया गया है। वहीं सभी उपस्थित परिजनों ने गर्भिणी स्त्री पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। यज्ञ में दया, अंजू कौशिक, गगन कौशिक, कैलाश चन्द्र मोदी, भरत सिंह जांगिड, राधेश्याम वर्मा, दलीप,पूनम चंद स्वामी व नरेश सैनी आदि गणमान्य परिजन उपस्थित रहें। हवन में अस्वस्थ परिजन पुरुषोत्तम शर्मा और सुल्तान टुहानियां के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु महामृत्युंजय मंत्र की 108 आहुतियां भी दी गई।

शिविर में उत्साह से रक्तदान किया

सादुलपुर, (निसं)। सिधमुख के नामदेव होस्पिटल में राजवीर कालीरावणा की द्वितीय स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ डॉक्टर राकेश छिम्पा व सोनू कालीरावणा बीकानेर ने किया। शिविर में महिलाओं सहित कुल 254 लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। रजनीश हॉस्पिटल ब्लड सेंटर जयपुर की टीम द्वारा रक्तदान संग्रहण किया गया। वहीं रक्त वीरों को प्रशस्ति पत्र व हेलमेट दिए गए। स्वर्गीय राजवीर के भाई विनोद कालीरावणा कहा कि खुन मशीनों में नहीं बनता है, यह मानव के शरीर में बनता है। किसी जरूरत मन्द की जिन्दगी बच सके, जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। वहीं शिविर में रमेश कालीरावणा, ओमप्रकाश कालीरावणा, पूर्व सरपंच सुनील कुमार इंदौरिया, हरि सिंह रणवा सहित अन्य ग्रामीणों ने बढ-चढ कर भाग लिया।

धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। सालासर रोड पर नव निर्मित श्री राज राजेश्वरी सेवाश्रम में पाँच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत मंगल कलश यात्रा व पूजन के साथ शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। संचालक कृष्णानंद महाराज ने बताया कि पाँच दिन रोजाना आश्रम में ग्यारह ब्राह्मणों के सानिध्य में पूजन, सप्तशती पाठ व हवन होगा। 13 तारीक को शाम को भजन संध्या व 14 तारीक को दोपहर में संत समागम, श्री यंत्र स्थापन, शेखावाटी चंग धमाल, पूर्णाहुति व महा प्रसाद का आयोजन होगा। कार्यक्रम में संत गोविन्दानंद गिरी महाराज, देवकीनंदन व्यास, विवेक गौड़, हरीश जैसनसरिया, रामदेव चंदनीया, प्रदीप धर्ड., शीशपाल जाट, विष्णुदत्त आत्रेय, राजकुमार मुरारका, धनपत राय गौड़, उमेश भारद्वाज, महावीर रामगढ़िया आदि लोग उपस्थित थे।

छतरी वितरण अभियान का शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल अपैक्स की स्थानीय इकाई की और से तेज धूप व बारिश से बचाव हेतु जरूरतमंद रेहड़ी-पटरी वालो को बड़ी छतरी वितरण अभियान का शुभारंभ रविवार को बस स्टैंड पर किया गया। इस दौरान बस स्टैंड पर जूता पोलिस करने वाले को बड़ी छतरी प्रदान की गई। संस्था के नगर अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि आज एक छतरी वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया है, आगे ओर भी जरुरतमंदों को छतरी वितरण की जाएगी। पार्षद रामकिशन माटोलिया ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है ओर किसी भी समाजसेवी संस्था का मुख्य उद्देश्य ये ही होना चाहिए। इस मौके पर सुरेश मुरारका, संजय मुरारका, पार्षद रामगोपाल चौधरी, भरत सैनी, हनुमान बारवाल, नारायण दायमा, अनूप पीपलवा, सन्तोष जोशी, लीलाधर प्रजापत आदि मौजूद थे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले हुए

सादुलपुर, (निसं)। महंत सुंदरनाथ की पुण्य तिथि पर थानमथुई के बालीनाथ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न गांवों की टीमों के बीच रोचक मुकाबले हुए। कांग्रेस देहात ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पूनियां ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में काशनी कला और मांगला के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में ग्रामवासियों और आस पास के क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन कर आयोजक मंडल एवं ग्रामवासियों द्वारा चाय पानी और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई।

लॉरेंस, रोहित व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरड़ा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर/सीकर (निसं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के खंडेला थाना क्षेत्र में बडी कार्रवाई को अंजाम देते हुए श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर की हत्या की फिराक में आए लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के दो सक्रिय गुर्गों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध व एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स

■ **दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन, दो कारतूस, 12 बोर के पांच कारतूस व बोलेरो गाड़ी बरामद**

(एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि आसूचना संकलन के दौरान एजीटीएफ के एएसआई बनवारी लाल को जानकारी मिली कि सीकर जिले में गैंगवार होने की आशंका है। लॉरेंस बिश्नोई, रोहित गोदारा व विक्रम गुर्जर उर्फ विक्रम बामरडा गैंग के कुछ बदमाश श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर ओमप्रकाश सामोता उर्फ ओपी पुत्र भाना राम (27) निवासी सामोता की ढाणी तन शिवपुरा थाना श्रीमाधोपुर जिला नीमकाथाना की हत्या के इरादे से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं।

श्रीमाधोपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर की हत्या की फिराक में आए दो सक्रिय गुर्गों को गिरफ्त में लिया।

एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एसपी करण शर्मा व एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन व टीम प्रभारी एएसआई बनवारी लाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सोहन सिंह, पर्वत सिंह, जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल सोहन देव को सूचना को डवलप करने रवाना किया गया। बदमाशों के खंडेला थाना क्षेत्र में होने की पुख्ता जानकारी के बाद थाना पुलिस के सहयोग से शनिवार देर रात एक बोलेरो में आ रहे बदमाशो को पीछा किया गया।

घेर कर टीम ने बदमाश बोदूराम गुर्जर पुत्र गिरधारी लाल (26) निवासी पनिहारवास थाना खंडेला एवं बंटी गुर्जर पुत्र शंकर लाल (23) निवासी सेवली थाना खंडेला को दबोच लिया। बदमाश सरदार गुर्जर (23) निवासी फतेहपुर भोमियान तथा राजकुमार गुर्जर (22) निवासी सेवली थाना खंडेला रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये।

पकड़े गए बदमाशों के पास से टीम ने दो अवैध पिस्टल, तीन मैगजीन, दो कारतूस 7.65 एमएम, 12 बोर के पांच कारतूस बरामद कर थाना खंडेला में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। फरार मुजरिमों पकड़ने एक टीम गठित कर तलाश की जा रही है। एडीजी एमएन ने बताया कि इस कार्रवाई में एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश का कुशल नेतृत्व एवं एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल सोहन सिंह, पर्वत सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह व सोहन देव की विशेष भूमिका रही तथा हेड कांस्टेबल करणी सिंह, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह व मुकेश कुमार का तकनीकी सहयोग रहा। बदमाशों की गिरफ्तारी में खंडेला थाना पुलिस का सहयोग रहा।

जिम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित

चूरू, (कासं)। चूरू जिला मुख्यालय पर आई हॉस्पिटल के पास आरके होंडा के सामने क्लासिक फिटनेस जिम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसममें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध उद्योगपति एवं भामाशाह कांतीलाल सुराणा एवं पंकज सुराणा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी झुंझुनूं इस्माइल खान, अति विशिष्ट अतिथि पुलिस उप अधीक्षक जयप्रकाश अटल, पुलिस उप अधीक्षक रामप्रताप बिश्नोई मौजूद रहे। इस अवसर पर रियाजत खान, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, रायसिंह, लियाकत अली अंसारी, उस्मान अंसारी, इरफान अन्सारी, इमरान अन्सारी, मुस्लिम सौलकी, मुबारिक सोलंकी, मुस्तकीम सोलंकी, सरोज सुराणा, आमिर अंसारी, हाजी अब्दुल सत्तार अंसारी, डॉ. महेश शर्मा, डॉ एल एन आर्य, डॉ. जेबी खान, डॉ एसके सैनी, डॉ डी.के चारण, डॉ. शमशाद अली, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ.अमजद खान, डॉ. साजिद चौहान, महेन्द्र चौबे, संजन सैनी, मुजस्सिम

चूरू में क्लासिक फिटनेस जिम का उद्घाटन उद्योगपति कांतीलाल सुराणा एवं पंकज सुराणा ने फीता काटकर किया।

भाटी, एसपीपी वरूण सैनी, डॉ. राजेंद्र रॉयल डॉ. सुरेंद्र भडिया, डॉ अभिषेक आर्य, अमरसिंह कस्वां, मुकुल भाटी, धर्मपाल शर्मा, हारून गौरी, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, इमरान खान आतिफ, अनवर खान, इमामुद्दीन सोलंकी, याकूब सोलंकी, युसूफ सोलंकी, मुंशी सोलंकी, प्रोफेसर अनिल सैनी, प्रोफेसर श्रीराम सैना, शमशेर खान इस्माईलखानी, मो. आबिद मन्सूर, अटल सारस्वत, अन्जू नेहरा, डॉ पुष्पा, ज्योति सिंह, जमील चौहान, हारून सोलंकी, धुव्र पूनिया, हारून, खलील खान, रियाज शेखए, याकूब टाक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

योजनाओं के लाभ के लिए प्रेरित किया

मंडावा, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र मंडावा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मेहरादासी गांव के बूथ संख्या 175 पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया प्रवास पर रहे। ढूकिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ढूकिया ने बूथ समिति की बैठक कर नव मतदाताओं का सम्मान, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के कार्य का निर्धारण, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दुपट्टा पहना कर सम्मान, युवाओं,व्यवसायी समूह, पार्टी में नए शामिल व्यक्तियों से मिलना आदि किए।

शेखावाटी को शीघ्र यमुना का पानी मिलने की आशा : तिवाड़ी

सीकर (निसं)। सुजला शेखावाटी समिति के संरक्षक एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी की अध्यक्षता में समिति की साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए तिवाड़ी ने कहा कि शेखावाटी में जितने गहरे कूप हैं ,उतनी गहरी प्यास है ।चारों जिलों के पेयजल एवं सिंचाई के लिए 5 हजार क्यूसेक पानी चाहिए। 30 वर्ष पूर्व हुए यमुना नदी के बाढ़ के पानी में से 1917 क्यूसेक पानी हथिनीकुंड से शेखावाटी को मिलना था ।इसके लिए मैंने राज्यसभा में तीन बार मुद्दा उठाया। सुजला शेखावाटी समिति की ओर से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत से मिलकर ज्ञापन दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को भी ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करवाया है। सभी का इस संबंध में सकारात्मक दृष्टिकोण है आशा है तीन इंजन की सरकार के समन्वय से यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा और 30 वर्ष से फाइलों के भंवरजाल में अटका पानी शेखावाटी की धरती पर आएगा। उन्होंने कहा कि शेष पानी के लिए 1960 के सिंधु नदी समझौते की समीक्षा कर पाकिस्तान को दिए गए पानी में से कुछ पानी मिल जाए, इसके प्रयास भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। तिवाड़ी ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है इससे राजस्थान , हरियाणा की पानी की समस्या हमेशा -हमेशा के लिए दूर हो जायेगी। प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष दयाराम महरिया ने समिति के अब तक के नहरी पानी के लिए किए प्रयासों की जानकारी देते कहा कि जन-जन के दिल में पानी के लिए आग एवं जाग होनी चाहिए ।हमें जल बचत ,संग्रहण एवं निर्मल करने का कार्य करना चाहिए।

राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के कर्मचारी 16 को हड़ताल पर रहेंगे

चूरू, (कासं)। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अखिल भारतीय कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आव्हान पर पूरे प्रदेश के राज्य कर्मचारियों ने 16 फरवरी को हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि वर्तमान समय में सरकारों द्वारा कर्मचारियों, श्रमिकों, मजदूरों और किसानों सहित कामगार वर्ग के हितों की अनदेखी की जा रही है तथा उनके अधिकारों को छीना जा रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार भी कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से नहीं ले रही है।

चारण ने बताया कि महासंघ की प्रमुख मांगों में पीएफआरडी, अधिनियम को निरस्त हुए राज्य कर्मचारियों की हिस्से के 41000 करोड जीपीएफ खाते में जमा कराए जाने, सभी संविदा आउटसोर्स दैनिक वेतन भोगी नियुक्तियां बंद करने, सभी संविदा/अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण/निगमीकरण और सरकारी विभागों का आकार घटना बंद करने, प्रत्येक 5 वर्ष की अवधि में एक बार

चूरू के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विविध मांगों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की एक बैठक आयोजित की गई।

वेतन संशोधन लागू करने, आठवीं वेतन आयोग का अविलंब गठन करने, सहायक कर्मचारी को एमटीएस घोषित करने संबंधित पत्रावली का शीघ्र निस्तारण करने, महंगाई पर रोक लगाते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने, प्रदेश में कर्मचारियों/अधिकारियों की स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी करते हुए वर्षों से प्रतीक्षारत अध्यापकों के स्थानांतरण शीघ्र करने सहित अनेक मांगों के निराकरण की मांग को लेकर कर्मचारी आगामी दिनों में हड़ताल पर रहेंगे।

महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से सम्बद्धता प्राप्त घटक संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला कार्यकारिणी के सदस्य व जिले के कर्मचारी भाग लेंगे।

इस अवसर पर भंवरलाल कस्वां, बाबू खां, निवास माली, मातू सिंह राठौड़, करणी सिंह, भंवरलाल स्वामी, पीरूसिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह राठौड़, कमल वर्मा आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

पोस्टर का विमोचन किया

झुंझुनूं, (निसं)। युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अभियान जय जवान को लेकर रविवार को झुंझुनूं के रीको स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में युवा कांग्रेस ने प्रेस वार्ता व अभियान के पोस्टर विमोचन किया। युवा कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी ऋषेन्द्र मेहर ने बताया कि पूरे देश में भाजपा सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। अग्निपथ के नाम पर युवाओं को सरकार ने अग्नि पर छोड़ने का काम किया है। करीब डेढ़ लाख युवाओं ने अपनी भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली थी। मगर उनको अभी तक जॉइनिंग नहीं दी गई है। कांग्रेस पार्टी ने जय जवान अभियान चलाया है। जय जवान अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी युवाओं, जवानों और शहीद परिवारों के बीच पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि जय जवान अभियान तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में हर पीड़ित युवा, जवान और शहीद के घर-घर जाकर पीड़ित परिवार सैनिक की बात सुनकर उसकी आवाज को मजबूती के साथ उठाया जाएगा। दूसरे चरण में झुंझुनूं लोकसभा के हर गांव, नगर, वार्ड, शहर में सत्याग्रह किया जाएगा।तीसरे चरण में न्याय पदयात्रा करके युवाओं की आवाज को मजबूती दी जाएगी। इस मौके पर हुसैन सुलतानिया समेत अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

प्रदेश अधिवेशन में हिस्सा लिया

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय मजदूर संघ का 25वां त्रैवार्षिक प्रदेश अधिवेशन आबू रोड में संपन्न हुआ। अधिवेशन में न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर आजीविका मजदूरी देने, विभिन्न विभागों में ठेका प्रथा बंद करने, श्रम विभाग में रिक्त पदों को भरने, श्रम कल्याण बोर्ड का गठन करने व निजी क्षेत्र में सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष करने का प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री को दिए गए आंगनबाड़ी बहनों का मानदेय भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार करने का आश्वासन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिवेशन स्थल पर ही दिया। मुख्यमंत्री शर्मा ने श्रमिकों से जुड़ी सभी योजनाएं चालू करने का भी आश्वासन दिया। अधिवेशन में राजस्थान विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रामगोपाल शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, जिला मंत्री संजय गनोलिया, संगठन मंत्री सुनील बुगालिया, कोषाध्यक्ष संदीप धाबाई, सत्यप्रकाश, ईश्वरलाल शर्मा, बनवारीलाल जाट, रामस्वरूप गोठवाल, राजेंद्र सैनी, मोहनलाल सैनी, कृष्णा कंवर, सीताराम सैनी सहित 46 अपेक्षित प्रतिनिधि विद्युत, खेतड़ी कॉपर, राणी सती, आंगनबाड़ी, सहकारिता, भवन निर्माण, रोडवेज आदि के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

झुंझुनूं, (निसं)। सदर थाना इलाके के अणगासर गांव में एक शादी के घर की खुशियों में खलल पड़ गया। दरअसल परिवार के ही युवक ने घर पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार सदर थाना इलाके के अणगासर गांव में एक युवक ने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। बहुत देर तक कमरे का दरवाजा बंद देख कर घर वालों ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने के बाद घर वालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और युवक को लेकर बीडीके अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद सदर थाने से एएसआई आशुतोष मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी लेते हुए परिजनों की रिपोर्ट पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस युवक के आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हैं। परिजनों ने बताया कि घर में विकास के दो चाचा की शादी 17 फरवरी को होनी हैं। शादी को लेकर घर में तैयारियां की जा रही थी। युवक के आत्महत्या करने के बाद शादी के घर में खुशियों में खलल पड़ गया।

सूरजमल की मूर्ति का पुष्पवर्षा की

चूरू, (निसं)। पंखा सर्किल पर जयपुर से भादरा ले जाते समय जाट महासभा के लोगों ने महाराजा सूरजमल की मूर्ति का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि जयपुर से भादरा ले जाते समय रास्ते में जगह-जगह मूर्ति का स्वागत किया गया। इसी क्रम में चूरू में भी जाट महासभा के सैकड़ों लोगों ने पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर मूर्ति का स्वागत किया। इस अवसर पर जाट महासभा बीकानेर संभाग के अध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां, युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह कड़वासरा, कुम्भाराम आर्य, किसान फाउण्डेशन चूरू के महासचिव रामलाल सहारण, सहीराम पूनिया, हरफूलसिंह भाम्बू, प्यारेलाल जाखड़, राजकुमार फगेड़िया, रामावतार भाम्बू, धर्मपाल सहारण, सांवरमल बुड़ानिया, रामनिवास मोगा, अरविंद भाम्भू, निहालसिह लाम्बा, हेमंत सुण्डा, अनिल लाम्बा, शिशपाल बुड़ानिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पुण्यतिथि मनाई

चूरू, (कासं)। चूरू के भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने बताया कि महान व्यक्तिव, प्रखंड राष्ट्रवाहक, उत्कृष्ठ संगठन कर्ता एवम् एकात्म मानववाद दर्शन के प्रेणता थे। उन्होने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्वांजली दी। मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है। केवल भारत ही नहीं, माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल एक जमीन का टुकड़ा मात्र रह जायेगा। पंडित जी अजात शत्रू के नाम से भी जाने जाते थे। उन्होने अपनी श्रद्वाजली अर्पित की। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री राजेश माटोलिया, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप कटारिया, जिला प्रवक्ता दिनेश शर्मा, मनोज तंवर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित

सादुलपुर, (निसं)। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की 23वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में टाटा एआईए कंपनी के ऑफिस में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 62 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक डीबी सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग चूरू के सहयोग से आयोजित शिविर का अजय सिंह, विक्रम डेबानिया व कमलकांत ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया। शिविर में वक्ताओं ने कहा कि देश के उत्थान एवं सामाजिक कार्यों में टाटा ग्रुप हमेशा तत्पर रहता है। टाटा ग्रुप द्वारा सच्चे मायने में की जा रही सामाजिक सेवाओं की कडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह रक्त ना जाने कितनी लोगो को जीवन बचाने के काम आएगा। विक्रम डेबानिया के अनुसार रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्तदान हुआ है।

कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। गीतादेवी सरावगी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में रविवार को सत्यनारायण गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्थान पैंशनर समाज उपशाखा राजगढ की कार्यकारिणी की मिटिंग का आयोजन किया गया। सत्यनारायण गुप्ता ने बताया कि 25 फरवरी को पैशन दिवस पर कार्यकारिणी की मिटिंग करने का निर्णय लिया गया।

योजनाओं की जानकारी दी

सीकर, (निसं)। भाजपा के शक्ति वंदन अभियान के तहत रविवार को दूजोद गेट के पास स्थित कल्याण जी के मंदिर में भाजपा की ओर से शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अभियान के तहत महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ से संपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी गई।

अभियान के संयोजक राजकुमार जोशी ने बताया कि शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीकर में एनजीओ से जुड़ी हुई महिलाओं व स्वयंसेवी सहायता संस्थाओं द्वारा जिले की सर्वाधिक महिलाओं को लाभ दिलवा सके। इस हेतु एक चाय पर चर्चा की गई।

जोशी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को लाभ आम जन को मिले और यह लाभ स्वयं सहायता संस्थाओं द्वारा जिले की सर्वाधिक महिलाओं को लाभ दिलाना है। कार्यक्रम को विकसित भारत अभियान के जिला संयोजक रामसिंह पिपराली, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मंजू लोहिया, जिला प्रवक्ता सुरेश अग्रवाल, महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कविता चौधरी, महिला मोर्चा जिला मंत्री उमा सैनी, आशीष जैन ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मीडिया जिला सह संयोजक नरेश सैन ने किया।

नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम आसीफ Asif सद भाविक भूलवश गलती से दर्ज हो गया, जबकि मेरा सही नाम आसीफ खान Aasif Khan है, जो मेरे आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में अंकन है। मैं मेरे पासपोर्ट में आसीफ Asif के स्थान पर मेरा सही नाम आसीफ खान Aasif Khan दर्ज करवाना चाहता हूं ताकि मेरे सभी दस्तावेजों में मिलान हो जाये।

शपथग्रहिता

**आसीफ खान आयु 31 साल पुत्र मोहम्मद मुमताज जाति शेख म